प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 25.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन विपक्ष का हंगामा, सीएजी रिपोर्ट पेश, कार्यवाही भोजनावकाश तक स्थगित।
2. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान के 130वें संशोधन विधेयक पर विपक्ष के विरोध को अलोकतांत्रिक बताया।
3. रांची में सांसद कला महोत्सव के तहत पेंटिंग कार्निवाल में पचास हजार बच्चों ने लिया हिस्सा, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा– चयनित बच्चों की पेंटिंग्स पहुंचेगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक।
4. झारखंड के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2 लाख 22 हजार 69 आवासों की दी स्वीकृति, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार का जताया आभार।
5. कोडरमा के झुमरी तिलैया में जिला योगासन स्पोर्ट्स चौंपियनशिप संपन्न, बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तर में मिलेगा मौका।

***************

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन एनडीए विधायकों ने स्वर्गीय सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआई जांच की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक वेल में पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। झारखंड विधानसभा सदन के बाहर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के दौरान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए सूर्या हांसदा की हत्या कर दी गई।

***************

झारखंड विधानसभा का सत्र दोपहर साढ़े बारह बजे शुरू हुआ। विपक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को नजरबंद करने और सूर्या हांसदा की फर्जी मुठभेड़ की घटना को नोटिस के जरिए सदन में उठाते हुए चर्चा की मांग की, लेकिन सरकार के असहमति जताने पर सदन में हंगामा होने लगा। इसके बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्त वर्ष 2023–24 का सीएजी रिपोर्ट सदन में पेश किया और भाजपा विधायक राज सिन्हा ने चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम अनुपूरक बजट का विनियोग विधेयक प्रस्तुत किया। विपक्ष के लगातार विरोध के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही को भोजनावकाश तक स्थगित कर दिया।

***************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान के 130वें संशोधन विधेयक के विरोध में विपक्षी दलों पर निशाना साधा है। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में, श्री शाह ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेता जेल में रहते हुए भी सरकार बनाने और चलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने विधेयक के खिलाफ विपक्षी दलों के विरोध को अलोकतांत्रिक बताया।

***************

रांची सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर सांसद कला महोत्सव के तहत डोरंडा स्थित सच्चिदानंद ज्ञान भारती मॉडल स्कूल में पेंटिंग कार्निवाल आयोजित हुआ। इसमें संसदीय क्षेत्र के 125 से अधिक विद्यालयों के लगभग पचास हजार बच्चों ने हिस्सा लिया और ऑपरेशन सिंदूर व प्रधानमंत्री मोदी के सैन्य प्रेम पर आधारित पेंटिंग बनाई। संजय सेठ ने बताया कि चयनित बच्चों को डिफेंस एक्सपो में प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा और उनकी पेंटिंग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक भेजी जाएगी।

***************

रांची के दीपाटोली कैंट स्थित केरकेट्टा ऑडिटोरियम में कल दोपहर 2 बज कर 45 मिनट पर "ईस्ट टेक 2025" का कर्टेन रेज़र कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सैन्य आधुनिकीकरण, स्वदेशी रक्षा समाधान और पूर्वी सेक्टर में क्षेत्रीय क्षमताओं का निर्माण है।

***************

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत झारखंड के लिए वर्ष 2025–26 में 2 लाख 22 हजार 069 आवासों की स्वीकृति प्रदान की है। कोडरमा सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस योजना से राज्य के पात्र परिवारों को पक्का घर मिलेगा और गरीब परिवारों का सपना पूरा होगा। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आवास योजना के साथ–साथ अन्य योजनाओं से भी गरीब और वंचित परिवारों के सामाजिक स्तर को ऊंचा उठाने का प्रयास हो रहा है।

***************

देवघर पुलिस ने पीएम किसान योजना का झांसा देकर ठगी करने वाले आठ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। सोनारायठाढ़ी, पथरड्डा और चितरा थाना क्षेत्र के रहने वाले इन आरोपितों को सारवां थाना क्षेत्र के डकाय जंगल से पकड़ा गया। पुलिस ने इनके पास से 12 मोबाइल फोन और 13 सिम कार्ड बरामद किए हैं।

***************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 93 हजार चार सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 22 हजार रुपये प्रति किलो है।

***************

हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश ने किसानों और आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

***************

मौसम विभाग ने आज पूर्वी और पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, खूंटी, लोहरदगा और लातेहार जिलों में भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में अगले 2–3 दिनों तक लगातार बारिश से राहत नहीं मिलेगी।

***************

कोडरमा के झुमरी तिलैया में जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें 10 स्कूलों के 100 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता पांच अलग–अलग आयु वर्ग में हुई और बालक–बालिकाओं ने एकल और समूह मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर पदक जीते। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाश सेठ ने बताया कि अब योगासन को कॉमनवेल्थ और ओलंपिक में भी शामिल किया गया है, जिससे खिलाड़ियों के लिए करियर की बड़ी संभावनाएं खुली हैं।

***************